Delhi Crime: नकली शराब बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़, महिला सहित दो गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली। उत्तरी जिले की स्पेशल स्टाफ की टीम ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली में नकली शराब बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए महिला आरोपित और एक आटो चालक को गिरफ्तार किया है। गोकुलपुरी इलाके में चल रही फैक्ट्री से बड़ी संख्या में बारकोड, बोतलें, ढक्कन, डिब्बे, कैनिंग मशीन, फ्लेवर आदि के लेबल भी बरामद किए गए हैं।

इसके साथ ही 242 कार्टन देशी शराब (12,045 क्वार्टर बोतलें), 1,885 लीटर स्प्रिट/केमिकल और कई टन कच्चा माल बरामद किया गया है। गिरफ्तार महिला आरोपित की पहचान गोकुलपुरी निवासी सुमन और आटो चालक पप्पू के रूप में हुई है। गिरोह दिल्ली और एनसीआर क्षेत्रों के विभिन्न हिस्सों में अवैध शराब की आपूर्ति कर रहा था।

सिग्नेचर ब्रिज के पास बिछाया गया था जाल

उत्तरी जिले के उपायुक्त राजा बांठिया के मुताबिक, 24 फरवरी को स्पेशल स्टाफ की टीम को गुप्त सूचना मिली कि सुमन नामक महिला नकली शराब की आपूर्ति करने के लिए उत्तरी दिल्ली के पुल मिठाई क्षेत्र में आने वाली है। सिग्नेचर ब्रिज के पास जाल बिछाया गया और मुखबिर की निशानदेही पर एक ऑटो चालक को चेकिंग के लिए रोका गया, जो केवल हरियाणा में बिक्री के लिए 20 कार्टन नकली शराब ले जा रहे थे।

Source: https://www.jagran.com/delhi/new-delhi-city-ncr-delhi-police-busts-fake-liquor-factory-in-gokulpuri-arrests-woman-and-auto-driver-23898016.html